आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 11.02.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में छह प्रस्तावों को मंजूरी मिली।
- मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में निर्माणाधीन और प्रस्तावित रेल परियोजनाओं की समीक्षा की। एस्केप टनल को समानांतर सड़कों के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।
- चम्पावत जिले में नशीली और कोडीनयुक्त दवाओं के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान जारी। लोहाघाट और बाराकोट में अनियमितता पाए जाने पर दो मेडिकल स्टोर सीज़।
- पिथौरागढ़ में यक्षवति नदी के तट पर नदी महोत्सव का आयोजन। लोगों ने नदी के संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में छह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने वर्ष 2022 में गठित टॉस्क फोर्स के लिए अलग से ढांचा तैयार करने का निर्णय लिया है। इस क्रम में राज्य मुख्यालय में पहली बार 22 पदों का सृजन किया गया है।

श्री बगोली ने बताया कि मंत्रिमंडल ने वन विभाग में कार्यरत 589 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को न्यूनतम 18 हजार रूपये वेतन देने का भी निर्णय लिया है।

राज्य मंत्रिमंडल ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना– ई.एस.आई के तहत चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्सा अधिकारियों और उच्चतर पदों की सेवा–शर्तों के निर्धारण के संबंध में भी महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस क्रम में उत्तराखण्ड कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवा नियमावली–2026" को प्रख्यापित किया गया है, जिसके तहत 94 पद होंगे। बैठक में ''मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना'' की कार्यान्वयन अवधि को आगामी 31 मार्च तक विस्तारित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में राज्य में निर्माणाधीन और प्रस्तावित रेल परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में प्रस्तावित रेल परियोजनाओं में सुरंग के साथ बनने वाले एस्केप टनल को समानांतर सड़कों के रूप में विकसित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना में बनी एस्केप टनल का भविष्य में किस प्रकार इस्तेमाल किया जा सकता है, इस पर भी कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कर्णप्रयाग से बागेश्वर तक रेल लाइन के विस्तार की संभावना पर भी कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन परियोजना पर भी तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के निर्माण कार्य से अधिकांश क्षेत्र और जनता लाभान्वित हो सके, इसके लिए अल्मोड़ा और सोमेश्वर क्षेत्र को भी जोड़ने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। उन्होंने ऋषिकेश कर्णप्रयाग परियोजना के तहत प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के लिए एकीकृत योजना बनाने के अधिकारियों को निर्देश, जिससे इन रेलवे स्टेशनों के आसपास स्थानीय लोगों के लिए बाजार विकसित हो सके। श्री धामी ने सभी निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों में स्वयं सहायता समूहों और राज्य के स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी विशेष व्यवस्था करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में अभी

से लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें होमस्टे और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

हत्या

राजधानी देहरादून में तिब्बती मार्केट के पास आज एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घायल व्यक्ति को दून अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों को ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, हत्या में संलिप्त स्कूटी सवार दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग–अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है। साथ ही पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

मेडिकल स्टोर छापेमारी

चम्पावत जिले में नशीली और कोडीनयुक्त दवाओं के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि अभियान के तहत लोहाघाट और बाराकोट में अनियमितता पाए जाने पर दो मेडिकल स्टोरों को सीज किया गया। साथ ही थोक व खुदरा औषधि प्रतिष्ठानों को बिना डॉक्टर की पर्ची के कोई भी दवाओं की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए गए।

नदी महोत्सव

पिथौरागढ़ में आज यक्षवति नदी के तट पर नदी महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने यक्षवति नदी के पुनर्जीवन, संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि यक्षवति नदी को पुनर्जीवित करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत आगामी समय में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

महोत्सव के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नाटकों के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया।

कांवड़ यात्रा निरीक्षण

हरिद्वार में शारदीय कांवड़ यात्रा पर आ रहे शिव भक्त कांवड़ियों की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने आज चंडी चौक से थाना श्यामपुर तक स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कांवड़ पटरी मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग नजीबाबाद मार्ग पर यातायात, साफ–सफाई, बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा कि शारदीय कांवड़ यात्रा और आगामी कुंभ मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शारदीय कांवड़ यात्रा पर आए शिव भक्तों का फूल–मालाओं से स्वागत किया।

बिजली चोरी

हरिद्वार जिले में बिजली चोरी और बकाया बिलधारकों के खिलाफ ऊर्जा निगम ने आज चार गांवों में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 66 घरों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग पकड़ा गया। अधिशासी अभियंता देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने निहेंदपुर सुठारी, सुल्तानपुर, टीकमपुर और जसोद्दरपुर गांवों में अभियान चलाया। जांच में कई घरों में मीटर से पहले केबल काटकर सीधे लाइन जोड़ने की स्थिति पाई गई। कुछ उपभोक्ता अपने कनेक्शन कट जाने के बाद भी बिजली चोरी कर रहे थे। चारों गांवों में पकड़े गए

उपभोक्ताओं पर करीब 25 लाख रुपये का बकाया है। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के साथ ही जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है।